संक्षिप्त

पुलिस जवानों को दी सतर्कता बरतने की हिदायत

कोटपूतली । जयपुर रेंज आईजी के निर्देष पर जिला कोटपूतली-बहरोड़ पुलिस द्वारा चलाये जा रहे लेन ड्राईव अभियान के तहत कार्य कर रहे पुलिस जवानों को डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरड़क व सरूण्ड थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने सतर्कता बरतने की हिदायत दी। इसको लेकर डीएसपी व थानाधिकारी ने रविवार को हाईवे पर जाकर लाईन ड्राइवरों व पुलिस जवानों से मुलाकात भी की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने सड़क पर सतर्क रहकर कार्य करने तथा वाहन चालकों के चालान करते समय सावधानी बरतने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि सड़क सुरक्षा में पुलिस की भूमिका अहम हैं। इसलिये प्रत्येक जवान को ट्रैफिक नियमों का पालन करवाते हुये स्वयं को भी पूरी सतर्कता रखनी हैं। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद जवानों से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

86 हजार रुपए भेंट

मानपुरा माचैड़ी । रुण्डल स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर में रविवार को किन्नर समाज ने मंदिर की व्यवस्थाओं के लिए 86 हजार रुपए भेंट किए। किन्नर समाज की गुरु दुर्गा माई शाहपुरा, गुरु फयाज बड़ा गांव जाहोता, राधिका बाई मनोहरपुर ने मन्दिर साउंड के लिए 81000 नगद राशि दी और 5100 रुपए श्याम बाबा श्रृंगार के लिए भेंट किए।साथ ही श्री श्याम सेवा समिति मन्दिर कमेंटी में जुड़कर 1100 रुपए दिए व प्रति माह देने के लिए भी कहा। इस दौरान समिति के अध्यक्ष नानूराम बाड़ीगर, महादेव सैनी, बाबू गोयल ,मुक्तिलाल दगड, रामसिंह खडोत्या , महेश सैनी, कैलाश कामलोडिया, हरफूल बाटोटिया, नवल अग्रवाल, भींवाराम सैनी, शंकर जांगिड, विनोद गंडवाल, प्रधान पुजारी हरीओम शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

भजन एवं सत्संग का आयोजन

राजगढ़ । कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में देव उठनी एकादशी प्रदोष व्रत के दिन दोपहर भजन एवं सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने एक से बढ़कर एक रोचक प्रस्तुतियां से समूचे माहौल को भक्तिमय कर दिया। जगन्नाथ जी महाराज और खाटू श्याम बाबा का सत्संग भजन का आयोजन हुआ। भजन सत्संग कार्यक्रम में रामबाबू छिपी और मीनू खूंटे टा ने श्री गणेश जी का भजन गाकर के सत्संग कार्यक्रम को शुभारंभ किया। सैकडों भक्त महिलाओं ने मंदिर में बाबा श्याम का जयकारा लगाकर भजन गाए। छोटी-छोटी गईया, छोटे छोटे ग्वाल भजन, मेरो श्याम मुरारी, कीर्तन की है रात आदि , भजन गाकर भक्तो को मंत्र मुग्ध किया। इस मौके पर मंदिर महंत पूर्ण दास,पंडित मदन मोहन शास्त्री पंडित रोहित शर्मा, गायत्री देवी, शीला खूंटेटा, मीनू खूंटेटा, प्रियंका खूंटेटा आदि मौजूद रहे।

जीवित प्रमाण-पत्र का फॉर्म दिए

दूदू । राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा दूदू की मासिक बैठक उप शाखा अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सभी पेंशनर साथियों को जीवित प्रमाण पत्र का फॉर्म दिए गए। सभी इस फॉर्म पर अपने हस्ताक्षर करके उच्च अधिकारियों के हस्ताक्षर करके वापस पेंशनर कार्यालय में जमा कराए। उप शाखा दूदू में दीपावली स्नेह मिलन धूमधाम से बनाया गया। मीटिंग में संरक्षक हाजी मदार बक्श नागौरी सीताराम गर्ग वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चौहान, मंत्री रघुनंदन बाहेती, मुख्य सलाहकार हाजी अब्दुल हकीम मंसूरी, कोषाध्यक्ष कैलाशचंद भाटी, भंवर लाल धाभाई, विशेष आमंत्रित सदस्य सावल सिंह, अशोक पारीक, मीडिया प्रभारी प्रमोद नागर वाल, दुर्गा लाल सेन, ओम प्रकाश शर्मा, हाजी नबी बक्श मंसूरी, दयाल राम माली, मूलचंद माली, अनंत प्रकाश व्यास, हाजी रफीक महावत, मिश्रीलाल वर्मा, मोतीलाल शर्मा, भंवर लाल दायमा, जगमोहन सिंह सहितअन्य कहीं पेंशनर उपस्थित रहे ।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को नहीं होगी समस्या : नरेशकुमार गुर्जर

निवाई। श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेश गुर्जर, महामंत्री रतनदीप गुर्जर व कोषाध्यक्ष जगदीश बोकण का आरडी गुर्जर के नेतृत्व में 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया गया। गुर्जर नेता भूणाराम गुर्जर व दयाशंकर पोसवाल ने बताया कि सम्मान समारोह में ट्रस्ट अध्यक्ष

■ श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को किया सम्मानित

नरेश गुर्जर ने कहा कि मंदिर के विकास से जुड़े सभी निर्णयों में सबकी राय ली जाएगी। उन्होंने मंदिर हित में आवश्यक कदम उठाने और ट्रस्ट को शिक्षा से जोड़ने आव्हान किया।

उन्होंने आश्वासन दिया कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि भगवान श्री देवनारायण को 36 कॉम के लोग मानते हैं और सभी समाज के लोग उनकी पूजा अर्चना करते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन मुकेश कुटखा ने किया।

निवाई श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत करते हुए।

इस अवसर पर शंकरलाल मीणा, भामाशाह सीताराम पोसवाल, संग्रामसिंह मसूदा, पूर्व प्रधान रामचन्द्र गुर्जर, सुरेश डोई, मांगीलाल डोई, ट्रस्ट के पूर्व महामंत्री एडवोकेट सवाईभोज गुर्जर, महेन्द्र कसाणा, मुरलीराम गुर्जर, नादान सिंह गुर्जर, हंसराज फागणा, भेरूलाल गुर्जर, शिवराज लांगडी हरभांवता, रूपसिंह अधाणा, राजेन्द्र चैयरमेन, हरिशंकर खटाणा मण्डालिया, दयाशंकर पोसवाल, मनमोहन फागणा, हजारीलाल, गणेश चेची, हनुमान छावडी, कांजीराम गुर्जर, कैलाश अवाना, शिवराज सरपंच थली, मोहन सरपंच, शंकर छैपट, मुकेश कुटखा, महावीर फौजी, रमेश डीआर, श्योजी हिंगोनिया, राजेश सेदरिया, राजेश चाकसू सहित कई लोग उपस्थित थे।

प्रभात फेरी का स्वागत

देवली । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के उपलक्ष्य में अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गुरु के प्रकाश पर्व पर गुरु कि साध संगत द्वारा प्रतिदिन प्रभात फेरी शहर भर में निकाली जा रही है । गुरु के प्रकाश उत्सव पर गुरु घर के सेवक सनी सेठी, निर्मल सिंह आनंद मोहन बीलोची विजय नवलानी, लालचंद धर्मानी सहित कई सेवकों ने प्रभात फेरी को अपने अपने घर बुलाकर उनका भव्य स्वागत किया और सुख समृद्धि की अरदास करवाई। जानकारी के अनुसार इस अवसर पर गुरुद्वारा दरबार में श्री गुरु ग्रथ साहिब जी के समक्ष सुखमणि साहब के पाठ की लड़ियां चल रही है । इस मौके पर देवली गुरुद्वारा के ग्रंथि त्रिलोक सिंह ने जानकारी में बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर महिला साध संगत के द्वारा गुरुद्वारा मे सुखमणि साहब के पाठ किए जा रहे हैं। वही सुखमणि साहब पाठ के उपरांत ठांथि त्रिलोक सिंह द्वारा कीर्तन दरबार सजाया जा रहा है। इस मौके पर ग्रथि द्वारा गुरु जी की जीवनी पर प्रकाश डाला जा रहा है। एवं संगत को गुरु जी के मार्गदर्शन पर चलने का संदेश दिया जा रहा है। गुरु पर्व के इस उपलक्ष पर पिछले 7 दिनों से प्रातः काल शहर भर में गुरु की संगत द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही हैं।

मांगलिक कार्य की शुरुआत

दौसा। जिले के नाँगल राजावतान कस्बे में पारंपरिक तरीके से एकादमशी पर देव जगाए गए साथ ही पर्व भी मनाया गया। इस दौरान घरो में गेरु और पाण्डू देव बनाकर पूजा की गई।

देवउठनी एकादशी के बाद कार्तिक पूर्णिमा आती है, जिसे देव दिवाली या देवताओं की दिवाली के रूप में मनाया जाता है यह भी माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने देवी तुलसी से विवाह किया था। शकुन्तला लक्ष्कार नांगल ने बताया कि इस दिन से मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाती है, भगवान विष्णु के जागने के बाद से शुभ कार्य जैसे शादी और गृह प्रवेश की शुरुआत हो जाती हैं। इस दिन पूजा और दान-पुण्य से जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

देव जगाने के लिए एकादशी पर तुलसी के पौधे, गन्ने, चावल, रोली, हल्दी, धूप, दीपक, फूल, फल, मौसमी वस्तुएं (जैसे सिंघाडा, शकरकंद), कलश, शंख और घंटी जैसी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है। उत्तम मौके पर घरों में सुंदर-सुंदर पकवान वह मीठे व्यंजन बनाए गए। इस मौके पर अर्चना, मूलचन्द, नवीन, हिमांशु लक्ष्कार आदि मौजूद रहे।

भाजपाई सरदार पटेल की जयंती मनाना भूले

दौसा। भारतीय जनता पार्टी में व्याप्त भारी गुटबाजी के चलते हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान महज औपचारिकता बन रह गया है। इतन ही नही इस गुटबाजी के चलते जिले भर के भाजपाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाना तक भूल गये, जबकि जयंती पर प्रत्येक बूथ पर भाजपा द्वारा स्वदेशी अपनाओं का संकल्प पत्र भी भरना था, जो भी महज कागजी साबित हुआ।

■ स्वदेशी अपनाओं का संकल्प पत्र भी भरना था, जो भी महज कागजी साबित हुआ

उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पद पर लक्ष्मी रेला की ताजपोशी होने के साथ ही भाजपा कई खेमों में विभक्त हो गई है। जिसके चलते केन्द्र एवं प्रदेश भाजपा के निर्देश पर चलाये जा रहे कार्यक्रम महज औपचारिकता बन रह गई है। सबसे मजेदार बात ये है कि अधिकांश भाजपाई नेताओ को ये तक पता नही कि जिले में कौन-कौन से कार्यक्रम आयोजित किये जाने है। इस गुटबाजी का असर आगामी नगर निकाय एवं पंचायत राज चुनावों में साफ दिखाई देगा। भाजपाई नेता अपनी ढपली-अपना राग अलाप रहे है। इधर भाजपा की भारी गुटबाजी के चलते कांठोस के स्थानीय नेता भाजपाइयो को किसी ना किसी मुद्दे पर कटघरे में खडा कर देते है। बताया जाता है कि भाजपाइयों की गुटबाजी का असर मुख्यालय तथा मंडल स्तर पर होने वाली बैठको में दिखाई देने लगा है, अधिकांश कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों का भाजपा से मोह भंग होता जा रहा है तथा प्रदेश द्वारा नियुक्त जिला अध्यक्ष को स्वीकार करने में गुरेज कर रहे है, हालांकि भाजपाई खुलकर जिला अध्यक्ष का विरोध को नही कर रहे है, लेकिन बैठको में नेताओ एवं कार्यकर्ताओं की न्यूनतम उपस्थित गुटबाजी की ओर संकेत कर रही है। सूत्रों ने बताया कि भाजपा के जिला अध्यक्ष के निर्वाचन के दौरान तकरीबन दो दर्जन से अधिक नेताओं ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की थी, उस दौरान वर्तमान जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला को जिला अध्यक्ष के नामांकन भरने के दौरान प्रस्ताव नही मिलने का मुद्दा भी जोरो से चर्चा पर रहा था। सूत्रो ने बताया कि वर्तमान जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला प्रस्ताव के लिए इधर से उधर भटकती रही, अंत मे बिना प्रस्तावक के ही नामांकन पेश करना भी चर्चा का विषय रहा।

वही दूसरी ओर लक्ष्मी रेला के नामांकन में प्रस्तावक नही होने के बावजूद उनकी जिला अध्यक्ष पद पर ताजपोशी हो गई। लक्ष्मी रेला को जिला अध्यक्ष घोषित किये जाने के साथ ही भाजपा के अधिकांश नेता सदमें में आ गई। इस ताजपोशी के साथ ही भाजपा में गुटबाजी व्याप्त हो गई, जिसका असर संगठन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

रक्तांचल पर्वत सीढी लोकार्पण समारोह आज

निवाई। श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के तत्वावधान में रक्तांचल पर्वत सीढ़ी लोकार्पण समारोह का आयोजन सोमवार को किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष दिलीप इसरानी व भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने बताया कि समारोह मायला बाग स्थित शिवालय के पास आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि रक्तांचल पर्वत पर किलेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम मार्ग बनकर तैयार हो गया है। लोकार्पण समारोह में कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा, जल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व वन मंत्री संजय शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि लोकार्पण समारोह को लेकर किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम की व्यवस्था देख रहे घासी अठावाल व वंश प्रदीप पारीक सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बताया कि लोकार्पण समारोह व भण्डारे की तैयारियां को लेकर संस्थान के सभी कार्यकर्ता रात दिन जी- जान से जुटे हुए हैं। रविवार को दिनभर पर्वत पर लिफ्ट के द्वारा सामठी चढ़ाई जाएगी।

छिछली राजनीति ने सांभर को अवनति की ओर धकेला

सांभरझील, (निसं)। राजस्थान प्रांत के 1957 में गठन होने के पश्चात सांभर उपखंड लगातार विकास की ओर बढ़ने के बजाय अवनति की ओर बह रहा है। सांभर उपखंड के अधीन करीब दो दशक पहले तक आने वाला कस्बा जोबनेर, किशनगढ़ रेनवाल व पंचायत नरायना आज विकास की गति को छू रहे हैं। बता दे की राजनेताओं की मृतप्राय यहां की राजनीति, जनता से मीठी-मीठी बातें करके उनको गुमराह करने, अपनी ही पार्टी के विधायक पर विकास का फोकस का दबाव नहीं डालने के कारण ऐतिहासिक सांभर अपना वर्चस्व खो चुका है। आगामी कुछ सालों तक इसी प्रकार की राजनीति रही तो कोई अतिशयोक्ति नहीं की सांभर उपखंड का दर्जा ही खत्म हो जाए तब सांभर कैसा होगा इसका मंथन अभी से करने की जरूरत है। शर्म की बात है कि यहां की राजनेता अपर जिला कलेक्टर का कार्यालय खुला नहीं सके, कुछ सालों पहले यहां से शिफ्ट हुआ सार्वजनिक निर्माण विभाग का सहायक अभियंता कार्यालय वापस ला नहीं सके, बीएसएनएल का ऑफिस यहां से चला गया और नेता अपने आप पर गर्व महसूस कर रहे हैं। सोनोलॉजिस्ट लाना नहीं चाहते यानी सोनोलॉजिस्ट की नियुक्ति कराने की उनमें क्षमता नहीं है। राजकीय उप जिला अस्पताल में ऑर्थोपेडिक्स व सर्जन की तो अब उम्मीद ही खत्म हो चुकी है कि यहां कभी इनकी नियुक्ति भी होगी। उप जिला अस्पताल के नवीन भवन के लिए भूमि उपलब्ध नहीं हो रही है, इसमें भी करीब डेढ़ साल से अधिक का समय बीत चुका है और ऐसा लग रहा है कि अब उप जिला अस्पताल के लिए भवन बनने की संभावनाएं पूरी तरह से खत्म होती जा रही है। अब यह बताना जरूरी है कि उप जिला अस्पताल और राजकीय कन्या महाविद्यालय यहां के नेताओं की मेहरबानी से नहीं बल्कि समाज सेवी और नंदीकेश्वर मेला कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप व्यास के अकेले प्रयासों का ही परिणाम रहा कि इनकी सौगात मिल सकी, लेकिन इसके बावजूद यहां के जनप्रतिनिधियों ने उनका सार्वजनिक तौर पर अभिनंदन तो दूर साधुवाद तक करना भी मुनासिब नहीं समझा तो फिर यहां के नेताओं से आगे की उम्मीद करना बेमानी ही होगा।

■ उप जिला अस्पताल के लिए भवन बनने की संभावनाएं पूरी तरह से खत्म होती जा रही है।

परामर्श शिविर का शुभारंभ

दौसा। विश्वास स्माइल एंड स्पाइन सेंटर में आज से प्रारंभ हुए निःशुल्क दंत परीक्षण एवं परामर्श शिविर का पहला दिन अत्यंत सफल रहा। शिविर के पहले ही दिन 37 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया और दंत जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त किया। मरीजों ने क्लिनिक की सुविधाओं और डेंटल टीम के कार्य व व्यवहार की सराहना की। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में दांतों और मुख स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

अक्सर लोग दांतों की समस्याओं को नज़रअंदाज़ कर देते हैं, जिससे आगे चलकर गंभीर स्थितियाँ उत्पन्न होती हैं। इसीलिए यह शिविर लोगों को नियमित जांच और सही उपचार की दिशा में प्रेरित करने का एक प्रयास है। क्लिनिक के प्रमुख डॉ. विश्वास शर्मा (, स्ट्रेटेजिक इम्प्लांटोलॉजिस्ट एवं रूट कैनाल विशेषज्ञ) ने बताया कि मौखिक स्वच्छता केवल सुंदर मुस्कान के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। हमारा उद्देश्य समाज को यह समझाना है कि समय पर जांच और सही देखभाल से अधिकांश दंत रोगों से बचा जा सकता है। लोगों को अपने दांतों की नियमित जांच को जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। डॉ. विश्वास शर्मा के साथ डॉ. अक्षिमा शर्मा (, स्माइल डिजाइन एवं एस्थेटिक डेंटिस्ट्री विशेषज्ञ) ने भी मरीजों की जांच की और मुख सौंदर्य से जुड़ी समस्याओं के समाधान बताए।

दोनों डॉक्टरों ने मिलकर मरीजों को न केवल दंत उपचार दिया बल्कि दांतों की देखभाल, खानपान और स्वच्छता के सही तरीकों की जानकारी भी दी। विश्वास स्माइल एंड स्पाइन सेंटर, दौसा में आधुनिक उपकरणों और अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों को विश्वस्तरीय दंत सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

पंचमुखी हनुमानजी की मूर्ति की रक्तांचल पर्वत पर हुई प्राण प्रतिष्ठा

निवाई। शहर के रक्तांचल पर्वत पर रविवार को अभिजीत मुहूर्त में पंचमुखी हनुमानजी की मूर्ति का जयकारों के साथ प्राण प्रतिष्ठा हुई। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पास दिवसीय आयोजन का इसी के साथ समापन भी हो गया।

श्रद्धालु दिनेश सोनी व अभिषेक सोनी ने बताया कि रक्तांचल पर्वत के शिखर पर स्थित किले में पंचमुखी हनुमानजी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन हुआ। प्रतिष्ठाचार्य पंडित शिवप्रसाद शास्त्री सवाईमाधोपुर के सान्निध्य विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। उन्होंने बताया कि संत रामभरोसे दास महाराज के सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य पंडित शिवप्रसाद शास्त्री सहित विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ 1600 फीट ऊंचाई पर स्थित किले में हनुमानजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। उन्होंने बताया कि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर वैदिक आचार्यों के सान्निध्य में पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति को जलाधिवास, अन्नादिवास व फलादिवास करवाया गया। इस दौरान गणेश पूजन, मातृका पूजन, नवठाह पूजन, प्रधान मंडप पूजन, पंचमुखी हनुमान पूजन कर किलेश्वर महादेव की विधि विधान से पूजा की गई। इसके बाद हवन कुंड में श्रद्धालुओं ने मंत्रोचार के साथ आहुतियां दी। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महिलाओं ने दोपहर 12 से 4 बजे तक सत्संग कीर्तन व भजन किए। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान उपस्थित सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने पंचमुखी हनुमानजी के जमकर जयकारे लगाए। जिससे पर्वत क्षेत्र को गूंज उठा। इसके बाद हनुमानजी की महाआरती की गई जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी जिमाई गई। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार की सुबह विश्वनाथ मंडल के कार्यकर्ता भजन कीर्तन करते हुए प्रभातफेरी के रूप में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा स्थल पहुंचे।

रक्तांचल पर्वत पर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में मौजूद श्रद्धालु।

■ हनुमान जी के जयकारों से गूंजा रक्तांचल पर्वत

सार-समाचार

प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा का स्वागत

टोंक। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं द्वारा पक्का बंधा टोंक पर जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेशध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में 2 साल की कुशासन से जनता त्रस्त है, भ्रष्टाचार चरम पर है, बजरी माफिया का बोलबाला है, पेंशन बंद कर दी गई है, पशु बीमा बंद है, राज्य की सड़क टूटी हुई है तथा राजस्थान केंद्र शासित प्रदेश बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री शिक्षा सुधार पर बल नहीं देकर विद्यार्थियों की ड्रेस सुधार पर बल दे रहे हैं, राज्य सरकार पंचायत एवं निकाय चुनाव में हार को देखकर चुनाव से बच रही है, जनता से झूठे वादे कर कर लोक सत्ता में आ गए लेकिन अब सत्ता नहीं संभाली जा रही है, आगामी उपचुनाव में कांग्रेस की जीत होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक कमल बैरवा, कैलाशी देवी मीणा, इरशाद बेग, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिक, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान, फोजू राम मीणा, राहूल सैनी मनिंदर बेरवा, कमलेश चावला, भारत वर्मा, आबिद मेव इत्यादि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन

कोटपूतली। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव बर्ष के अंतर्गत जिला कोटपूतली-बहरोड़ में रविवार को जिले के विभिन्न 92 ई-मित्र केंद्रों पर लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया है। अठाणी जिला प्रबंधक मोहनलाल मीणा ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य प्रधानमंत्री जनधन योजना के निष्क्रिय खातों को री-केवाईसी के माध्यम से पुनः एक्टिवेट करना, प्रधानमंत्री जनधन योजना में नये खाते खोलना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा,अटल पेंशन योजनाओं में शत-प्रतिशत संतृप्ति के लिए इनरोलमेंट करना, साइबर सुरक्षा, आपकी पूंजी आपका अधिकार के तहत जागरूकता उत्पन्न करने के साथ-साथ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की कार्यशाला आयोजित करके जागरूकता जैसे पीएम स्वनिधि,पीएम विश्व कर्मा इत्यादि का लाभ पात्र व वंचित व्यक्तियों तक पहुंचाना है । जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती उपलक्ष्य में 1 से 15 नवंबर 2025 के दौरान ''जनजातीय गौरव वर्ष '' पर आयोजित होने वाले समस्त शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का त्वरित लाभ दिला रहे हैं। साथ ही, जनजातीय समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी एवं जागरूकता रैली भी आयोजित की जा रही है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम जनजातीय समाज के उत्थान और समठा विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

हादसे में पांच घायल

टोंक। देवली मुख्यालय के जयपुर रोड अंडरपास पुलिया के पास रविवार को दो मोटरसाईकिलों में आमने सामने टक्कर हो जाने से हादसे में पांच बाइक सवार घायल हो गए। जिसमे से दो की हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर किया गया है। सूचना पर पहुंची देवली थाना पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह दुर्घटना दो बाइक की टक्कर से हुई, घायलो को एंबुलेंस से देवली राजकीय अस्पताल भर्ती करवाया। इस दौरान हादसे में महावीर गुर्जर पुत्र रंगलाल निवासी निवारिया गंभीर रूप से घायल हो गए, प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया, वही दूसरी बाइक पर सवार दौलता मोड़ निवासी आजाद पुत्र गोपाल मेघवंशी को भी गंभीर चोटें लगी हैं, जिसे भी रेफर किया गया है। इस हादसे में अन्य घायलो में महावीर गुर्जर की पत्नी बीना, पांच वर्षीय शिवांश और सीमा पत्नी धर्मराज गुर्जर घायल हुए हैं। वही दूसरी बाइक पर सवार दौलता मोड़ निवासी गोपाल मेघवंशी को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने बताया कि फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

सीसीटीवी में चोरी करते 3 बदमाश

उदयपुर, (का.स.) । उदयपुर शहर में वाहन चोरों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में ठक्कर बप्पा कॉलोनी में अज्ञात चोर एक नगर निगम कर्मचारी की बुलेट चोरी कर ले गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बताया जा रहा है कि नगर निगम में जमादार के पद पर कार्यरत महेन्द्र वा ल्मीकि ने अपनी बुलेट बाइक घर के बाहर खडी की थी।रात में तीन अज्ञात बदमाश आए और बाइक चोरी कर ले गए। सुबह महेन्द्र ने बाइक गायब देख आसपास तलाश की लेकिन सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो चोरी का पता लगा। सीसीटीवी फुटेज में तीन बदमाश बाइक का लॉक तोडकर उसे ले जाते हुए दिख रहे हैं। महेन्द्र ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सूरजपोल थाने में प्रकरण दर्ज कराया है। वहीं पुलिस अब फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले भी शोभागपुरा क्षेत्र में नाई निवासी रमेश मेघवाल की बाइक एक होटल के बाहर से चोरी हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। जिसमें पूरी वारदात दिख रही है।

सीबीआई का जनसुनवाई शिविर आज

पाली, (नि.सं.)। पाली में सीबीआई का जनसुनवाई शिविर सोमवार 3 नवम्बर को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जोधपुर शाखा की ओर से पाली में विशेष जन-जागरूकता एवं शिकायत निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर रेलवे स्टेशन परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य आमजन को भ्रष्टाचार निरोधक कानूनों व नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना और केंद्र सरकार के विभागों से संबंधित शिकायतों का समाधान करना है।

बालोतरा में फॉलोअप कैम्प आज से

बालोतरा, (निसं)। शहरी सेवा शिविर-2025 में प्राप्त लंबित आवेदनों और प्रकरणों के निस्तारण के लिए बालोतरा में फॉलोअप कैम्प का आयोजन 3 नवंबर से किया जा रहा है। प्रमुख शासन सचिव महोदय, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर के आदेशों की पालना में यह निर्णय लिया गया है।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम अजय जैन से बदलकर अजय कुमार जैन कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पता- प्लाट 72-73-सी, सुमेर नगर-।।, कल्याणपुरा, सांगानेर, जयपुर-302020

मैं JC698024P सूबेदार अनूप खरे निवासी एमएच जयपुर ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट जयपुर (राजस्थान) के समक्ष दिनांक 13.10.2025 को दिए गए शपथपत्र के अनुसार अपने बच्चे का नाम प्राप्ति से बदलकर प्राप्ति खरे रख लिया है।

आम सूचना सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि एक संपत्ति मकान संख्या 119/284, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान राकेश बावेजा के नाम से है। अभी हाल ही में राकेश बावेजा का दिनांक 15.10.2025 को स्वर्गवास हो चुका है एवं उक्त संपत्ति पूर्वजो से प्राप्त संपत्ति है जिसमें हम बबली बावेजा, शुभम बावेजा व राहुल बावेजा का भी अविभाजित हिस्सा है। कुछ व्यक्ति इस संपत्ति को खुर्द-बुर्द बेचान करने हेतु उतारू है जो कानूनन गलत है। अतः सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार की खरीद फरोख्त अथवा विक्रय इकरार ना करे एवं यदि किसी व्यक्ति, कंपनी संस्था के द्वारा ऐसा किया जाता है तो उसकी जिम्मेवारी संबंधित व्यक्ति, कंपनी, संस्था की होगी। सूचित रहे।
राहुल बावेजा पुत्र स्वर्गीय श्री बिहारीलाल बावेजा
मकान संख्या 119/284, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान, मो.-7700051532

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :- 8055 दिनांक :- 16/10/25
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 182/63 (MIG-A), (एरिया 90.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री जेठानन्द अरोड़ा पुत्र श्री सुखराम अरोड़ा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1362 दिनांक 16.03.2005 को जारी किया गया। श्री जेठानन्द अरोड़ा के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 07.04.2006 को सब रजिस्ट्रार जयपुर-अष्टम के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री जेठानन्द अरोड़ा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 05.05.2006 के द्वारा श्री कमल चन्द टॉक पुत्र श्री कन्हैया लाल टॉक को विक्रय कर सब रजिस्ट्रार जयपुर-अष्टम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री कमल चन्द टॉक द्वारा उक्त आवास को दिनांक 11.03.2023 के द्वारा श्री चतुर्भुज प्रसाद स्वर्णकार पुत्र श्री टीकम चन्द स्वर्णकार को विक्रय कर उप पंजीयक चतुर्थ जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री चतुर्भुज प्रसाद स्वर्णकार पुत्र श्री टीकम चन्द स्वर्णकार द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास के रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्